खबरों की दुनिया

एक नजर

# नेट थियेट पर नाटक सोने की चिड़िया

*जयपुर के कलाकारों ने पुरातन संस्कृति को उजागर किया*



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में नाद संस्था द्वारा रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा निर्देशित नाटक सोने की चिड़िया का सशक्त मंचन किया गया।
नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि सोने की चिडिया नाटक में भारत की पुरातन संस्कृति का बखान करते हुये सामाजिक समस्याओं पर भी प्रकाश डाला साथ ही नाटक के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को भी दर्शाया। नाटक के माध्यम से वसुधैव कुटंबकम का संदेश दिया। नशे, जात-पात, कुरूतियों से दूर हो कर ही हम फिर से बनेगें सोने की चिड़िया।
नाटक में प्रसिद्ध रंगकर्मी मनोज स्वामी और रेणू सनाढ्य ने अपने सशक्त अभिनय से भारतीय संस्कृति को दर्शाया साथ ही धृति शर्मा, सागर विनोद गढवाल, तपेश शर्मा, जिवितेश शर्मा ने नाटक के संदेश को अपने अभिनय से बखुबी उजागर किया। नेट थिएट पर इजरायल से पधारे दंपत्ति एलन और ओलिव ने भी भारतीय संस्कृति का आनंद उठाया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र शर्मा राजू व मंच व्यवस्था अंकित शर्मा नोनू की रही, गुलजार हुसैन का संगीत नाटक के अनुरूप रहा।

# देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने श्याम बाबा के दरबार में लगाई धोक



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पशुपाल, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को बाबा खाटू श्याम के पवित्र मंदिर में धोक लगाई।
इस अवसर पर, उन्होंने भगवान खाटू श्याम जी के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से भी आत्मीय भेंट की। जोराराम कुमावत ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए श्याम बाबा से प्रार्थना की कि वे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करें।
इस दौरान खाटू श्याम बाबा मंदिर समिति एवं सेवादारों की प्रशंसा करते हुए सेवा कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यहां आने वाले भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक शक्ति का स्रोत भी है। इस यात्रा के माध्यम से कैबिनेट मंत्री ने राजस्थान की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की।

# कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने छात्र-छात्राओं को वितरित की निःशुल्क साइकिल



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** उद्योग, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शनिवार को वार्ड नं. 51 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पांच्यावाला, जयपुर और वार्ड नं. 48 पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीनावाला, झोटवाड़ा में निःशुल्क साइकिल वितरित कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। साइकिल मिलते ही छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।
कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं और नारी शक्ति के सशक्तीकरण, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले एक दशक में मोदी सरकार एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रयासरत है जहां प्रत्येक बालिका को शिक्षण, उन्नति करने और अग्रसर होने का सुनहरा अवसर मिले।


# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर का सत्रहवां दीक्षांत समारोह आयोजित



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के सत्रहवें दीक्षांत समारोह में कुल 103 डॉक्टरेट उपाधियाँ, 838 स्नातक उपाधियाँ, 534 स्नातकोत्तर उपाधियाँ और 26 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।
मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का 17वां दीक्षांत समारोह 16 मार्च, 2024 को संस्थान परिसर में ओपन एयर थियेटर (ओएटी) में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के अध्यक्ष (कार्यवाहक) प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी और निदेशक, एमएनआईटी जयपुर ने संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रो. पाढ़ी ने समारोह की अध्यक्षता भी की और दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के माननीय सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।
शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए बी.टेक, बी.आर्क., एम.टेक, एम.प्लानिंग, एम.बी.ए. और एम.एस.सी पाठ्यक्रमों में टॉपर विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के 9 स्नातक विद्यार्थियों और 17 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अपने-अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। महिला सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, 13 महिला विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में, प्रोफेसर अभय करंदीकर ने उल्लेख किया कि यह न केवल स्नातक विद्यार्थियों के लिए बल्कि एमएनआईटी जयपुर के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि संस्थान का यह एक और शैक्षणिक वर्ष के सफल समापन का प्रतीक है। दीक्षांत समारोह स्नातक विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों को मनाने का अवसर है। उन्होंने माता-पिता, शिक्षकों और शिक्षक सदस्यों के अथक प्रयासों और निरंतर समर्पण को स्वीकार किया, जिन्होंने स्नातकों के व्यक्तित्व को गढ़ने में अमूल्य भूमिका निभाई है। आज, जैसा कि हम स्नातक वर्ग की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, हम एमएनआईटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय महत्व के अन्य संस्थानों के समक्ष एक मिसाल कायम करने वाले उत्कृष्टता केंद्र के रूप में इसकी भूमिका को भी स्वीकार करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नए युग की तकनीकें शामिल हैं, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एमएनआईटी जयपुर जैसे शैक्षणिक संस्थानों की आवश्यकता को रेखांकित करता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के साथ साझेदारी करके, एमएनआईटी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण धन प्राप्त किया है। चल रही शोध परियोजनाएं एमएनआईटी के मजबूत शोध पारिस्थितिकी तंत्र का उदाहरण देती हैं, जो सामाजिक चुनौतियों का समाधान करती हैं और ज्ञान निर्माण में योगदान देती हैं। रणनीतिक साझेदारी और फंडिंग से ईंधन भरने वाले अंतःविषयी शोध के लिए एमएनआईटी की प्रतिबद्धता, महत्वपूर्ण प्रभाव वाले परिवर्तनकारी समाधानों को चलाती है।
प्रो0 एन.पी. पाढ़ी, निदेशक, एमएनआईटी जयपुर ने उपस्थित विद्यार्थियों के परिजनों, वशिष्ठ मेहमानों व विद्यार्थियों को संस्थान की उत्कृष्ट उपलब्धियों के बारे में बताया और इस बात पर प्रकाश डाला कि संस्थान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) को लागू करने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एमएनआईटी जयपुर अपनी हीरक जयंती मना रहा है, जो 1963 में मालवीय क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में स्थापना के 60 वर्ष का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि एनआईआरएफ ने एमएनआईटी को सभी एनआईटी में 6वें और देश के सभी इंजीनियरिंग संस्थानों में 37वें स्थान पर रखा है। पहली बार, एमएनआईटी जयपुर ने अंतर्राष्ट्रीय टाइम्स रैंकिंग में भाग लिया और इसे 600-800 रैंक ब्रैकेट में रखा गया है। स्नातकोत्तर अध्ययन के दूसरे सेमेस्टर के पूरा होने के बाद पीएचडी में एम.टेक/एम.प्लान में पीएचडी प्रवेश की पेशकश की एक अनूठी पहल इस वर्ष शुरू की गई है।
प्रो. पाढ़ी ने दर्शकों को बताया कि एमएनआईटी जैसे पेशेवर संस्थान की केंद्रीय विशेषता प्रमुख संगठनों में अपने छात्रों की रोजगार क्षमता है, और एनआईटी के विद्यार्थियों को हाल ही में ऐडवर्ब, एयरटेल, अमेज़ॅन, एप्पल, बजाज, फ्लिपकार्ट, गोल्डमैन साच्स, हीरो मोटोकॉर्प, एक्सपीडिया आदि में प्लेसमेंट मिला है। पिछले साल 1040 प्लेसमेंट का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया गया था, जबकि 250 विजिटिंग कंपनियों ने 932 स्नातक और 275 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का चयन किया था, स्नातक के लिए उच्चतम पैकेज 64 लाख और स्नातकोत्तर के लिए 48 लाख था। यह भी गर्व की बात है कि एमएनआईटी की दो छात्राओं को सभी एनआईटी की छात्राओं में से सबसे अधिक पैकेज मिला है।
प्रो. पाढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान के संकाय सदस्यों ने 82.3 करोड़ रुपये के 217 प्रोजेक्ट प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से 26 को विभिन्न एजेंसियों से वित्तीय सहायता मिली है और डीएसटी, एसईआरबी और एनएसबी द्वारा वित्त पोषित 35 परियोजनाएं चल रही हैं। चार फैकल्टी सदस्यों को प्रतिष्ठित एसईआरबी फैलोशिप मिली। अब तक, संस्थान ने कुल 124 पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं, जिनमें से 42 पेटेंट पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं।
इस वर्ष, संस्थान ने पिछले वर्ष शुरू किए गए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार के अलावा सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार देना शुरू कर दिया है।
प्रो0 पाढ़ी ने यह भी बताया कि अकादमिक वर्ष 2023-24 से बी.टेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डाटा अभियांत्रिकीय इंजीनियरिंग का एक नया स्नातक कार्यक्रम शुरू किया गया है। संस्थान ने दो आभासी उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की है, अर्थात् ग्रामीण विकास केंद्र जो ग्रामीण भारत की जरूरतों को पूरा करता है, और साइबर सुरक्षा केंद्र जो डिजिटल दुनिया में विश्वास, गोपनीयता, सुरक्षा और लचीलापन जैसे क्षेत्रों में मुख्य शोध करने के लिए है। प्रबंधन अध्ययन विभाग और सतत और डिजिटल शिक्षा केंद्र ) द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यकारी एमबीए कार्यक्रम शुरू किया गया है।
एमएनआईटी इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर ने अब तक 119 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया है और केंद्र ने बिट्स, आईआईटी बॉम्बे, फिक्की, एमएसएमई आदि जैसे पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के साथ 15 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।
एमएनआईटी में इसरो आरएसी-एस की स्थापना 2019 में हुई थी। पिछले वर्ष में, 2.3 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी, 12 परियोजनाओं को इसरो आरएसी-एस में निरंतरता के लिए अनुशंसित किया गया है।
साथ ही, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम से संबंधित उन्नत अनुसंधान को चलाने के लिए आरएसी-एस में एक अत्याधुनिक आभासी वास्तविकता प्रयोगशाला शुरू की गई है। संस्थान को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय बाँध सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा एक अद्वितीय परियोजना प्रदान की गई है, जिसमें भारत में बाँध सुरक्षा से संबंधित अनुसंधान, प्रशिक्षण, मानकों और नियमावली के विकास पर काम करने के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रारंभिक अनुदान दिया गया है।
प्रो. एन.पी. पाढ़ी ने अपने संबोधन में यह भी उल्लेख किया कि दिसंबर 2023 में पूर्व विद्यार्थी पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें युवा पूर्व विद्यार्थियों और साथ ही बहुत वरिष्ठ पूर्व विद्यार्थियों सहित 19 उल्लेखनीय पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था। संस्थान के कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन योजना के तहत निदेशक द्वारा सर्वोत्कृष्ट कर्मचारी के पुरूस्कार प्रदान किये गये। विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए, एमएनआईटी ने उन्नत भारत अभियान के तहत राजस्थान राज्य के 5 गांवों को अपनाया है और नियमित रूप से कैरियर परामर्श, कौशल विकास कार्यशालाएं, भ्रमण, वृक्षारोपण अभियान, गांवों के साथ स्वच्छता अभियान (स्वच्छता पखवाड़ा) का आयोजन करता है। युवा संगम पहल के तहत राजस्थान व उड़िशा की सांस्कृतिक धरोहर के आदान-प्रदान करने के लिए एक दूसरे राज्य का दौरा कार्यक्रम किया गया।
संकाय शक्ति बढ़ाने के लिए, 153 शिक्षक सदस्यों को प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर पदों के लिए चुना गया है।
शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में, सामाजिक न्याय मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, एमएचआरडी के माध्यम से 426 विद्यार्थियों को 2.3 करोड़ रुपये मूल्य की छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। अंत में, प्रो. पाढ़ी ने सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि उपाधि की प्राप्ति समस्त समुदाय और बड़े पैमाने पर मानवता की सेवा के नए जीवन की शुरुआत होनी चाहिए।
वर्ष 2022-23 के लिए कुल 781 स्नातक प्रौद्योगिकी उपाधियाँ, 57 स्नातक वास्तुकला उपाधियाँ, 387 स्नातकोत्तर प्रौद्योगिकी उपाधियाँ और 23 स्नातकोत्तर नियोजन उपाधियाँ प्रदान की गईं। 92 विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित में एम.एससी. उपाधियाँ और 32 विद्यार्थियों को एम.बी.ए. उपाधियाँ प्रदान की गईं।
103 शोधार्थियों को दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधियाँ प्रदान की गईं, जो संस्थान में आयोजित किसी भी दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई डॉक्टरेट उपाधियों की सर्वोच्च संख्या है।
संस्थान ने कुल 1475 उपाधियाँ प्रदान कीं, जिनमें से 838 स्नातक उपाधियाँ, 534 स्नातकोत्तर उपाधियाँ और 103 डॉक्टरेट उपाधियाँ हैं। प्रदान की गई सभी उपाधियों में से 396 उपाधियाँ महिला विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

# किसान आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति से प्रदेश का किसान समृद्ध व ख़ुशहाल बनेगा : आमेरा



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, नागौर सांसद व आरपीएससी चेयरमैन सी आर चौधरी को राज्य किसान आयोग का अध्यक्ष नव पद दायित्व मिलने पर ऑल राजस्थान को-आपरेटिव बैंक इम्प्लॉयिज यूनियन व ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय महासचिव, ऑल इण्डिया कोपरेटिव बैंक एम्पलाइज फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने शुभकामनाएँ दी।
सहकार नेता आमेरा ने विश्वास जताया है कि सी आर के किसान पृष्ठभूमि मारवाड़ ग्रामीण संवेदना से व प्रशासकीय अनुभव से मोदी व अमित शाह के किसानों के लिए सहकारिता से समृद्धि में विभिन्न नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। बीमा योजनाओं में सुधार कर उपयोगी बनाया जाएगा। बीमा प्रीमियम को तर्क संगत बनाया जाएगा। किसानों के बीमा कम्पनियों में वर्षो से लंबित बीमा क्लेम भुगतान जारी करवाया जाएगा।
आमेरा ने उम्मीद जताई कि नाबार्ड से किसानों के लिए सहकारी बैंकों को जारी फसली ऋण पुनर्वितरण की सीमा बढ़वाई जाएगी। नए किसानों को अधिकाधिक मेंबर बनवाकर राज्य में औसत सहकारी ऋण सीमा एक लाख तक लाई जाएगी। प्रदेश में किसानों के लिए बीमा अनिवार्य की जगह ऐच्छिक करवाया जाएगा। किसानों को प्राकृतिक आपदा, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि के नुकसान भरपाई का केरल की तरह परफेक्ट मेक्निजम व्यवस्था की जाएगी। सहकारी बैंक के ऋणी मेंबर किसानों के होनहार होशियार पढ़ने वाले बच्चों के उच्च पेशेवर शिक्षा लिए शिक्षा ऋण योजना लागू होगी तथा किसानों की उपज खरीद के लिए सहकारी समितियों व राजफेड के माध्यम से प्रामाणिक व्यवस्था होगी। आमेरा ने विश्वास जताया कि किसान की आय दुगनी करने व किसान की आर्थिक समृद्धि व ख़ुशहाली के लिए सहकारिता को किसानों के लिए उपयोगी बनाया जाएगा।

# एसकेआइटी : फिर मिलने के वायदे के साथ प्रवाह-2024 ने कहा अलविदा

**- एसकेआईटी कॉलेज का पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रवाह-2024 संपन्न, विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ पुरस्कार वितरण। वक्ताओं ने स्टूडेंट्स को किया मोटिवेट।**

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का पांच दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव प्रवाह, कॉलेज के वार्षिक समारोह के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के पूर्व महानिदेशक डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा स्टूडेंट्स से रूबरू हुए। कार्यक्रम एसकेआईटी कॉलेज के मुख्य संरक्षक राजाराम मील, अध्यक्ष सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, निदेशक-शैक्षणिक प्रोफेसर एस. एल. सुराणा, रजिस्ट्रार रचना मील, प्राचार्य-प्रो. रमेश कुमार पचार, वाईसचेयरमैन अनिल बाफना समेत अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम उपस्थित हुए। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ और राजाराम मील ने अतिथियों का अभिनन्दन किया तथा प्रो. एस.एल. सुराणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
इसके बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ, अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य व नाटक का प्रदर्शन किया। प्रवाह के समन्वयक अभिषेक गुप्ता और टीम के सभी सदस्यों ने वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन प्रवाह टीम के अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# चिकित्सा मंत्री की संवेदनशील पहल : अब हर जिला अस्पताल में 'रामाश्रय' वृद्धजनों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश के हर जिला अस्पताल में अब वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुषा एवं उपचार और बेहतर हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में संवेदनशील पहल कर सभी जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) बनाए हैं। इन्हें 'रामाश्रय' के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजकीय अस्पतालों में आने वाले वृद्धजनों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जीरियाट्रिक वार्ड की स्थापना के निर्देश दिए थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह ने इस मानवीय पहल को 100 दिवसीय कार्य योजना में शामिल करवाया। चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर 100 दिवसीय कार्य योजना में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 49 जिला चिकित्सालयों में यह सुविधा प्रारम्भ कर दी है।

**100 दिवसीय कार्य योजना के तहत अल्प समय में तैयार किए 'रामाश्रय':** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रायः यह देखा जाता था कि अस्पतालों में भर्ती होने वाले बुजुर्गों को उपचार को लेकर असहजता महसूस होती थी। इस समस्या के समाधान की दृष्टि से प्रदेश के सभी राजकीय जिला अस्पतालों में जीरियाट्रिक वार्ड शुरू करने का निर्णय लिया गया। 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत इस पहल को प्राथमिकता दी गई और अल्प समय में ही 49 जिला अस्पतालों में 'रामाश्रय' तैयार कर क्रियाशील कर दिए गए हैं।

**यह सुविधाएं होंगी वृद्धजनों के लिए :** सिंह ने बताया कि इन रामाश्रयों में वृद्धजनों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इन वार्डों में 10 फाउलर बैड होंगे। इनमें से 5 बैड महिला एवं 5 बैड पुरूषों के लिए आरक्षित किए गए हैं। हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए हैं। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में वृद्धजन तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सकें। वार्ड में महिला एवं पुरूष रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। इन शौचालयों में ग्रेब-बार लगाए गए हैं। वार्ड में फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियाथैरेपी से संबंधित उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है। इनमें शॉर्ट वेव डायाथर्मी, अल्ट्रासाउण्ड थैरेपी, सरवाइकल टैंक्शन, पैल्विक टैंक्शन, ट्रांस इलेक्ट्रिक नर्व स्टिमुलेटर जैसे उपकरण शामिल वार्ड में व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है।

# अजमेर रोड़ पर पानी के सही निकास, बन्दरों के उत्पात तथा अनियमित निर्माणों को रोकने, हेतु जेडीए एवं नगर निगम जयपुर, ग्रेटर को पत्र लिखे

खबरों की दुनिया

अजमेर रोड़ स्थित विद्युत नगर के निवासियों ने आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकारण को पत्र लिख कर अजमेर रोड़ पर वर्षा के पानी के लिए सही ड्रेनेज सिस्टम तैयार करने तथा नगर निगम (जयपुर ग्रेटर) तथा मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर को पत्र लिख कर प्रिंस रोड़ पर हो रहे अवैध निर्माणों को रोकने व ध्वस्त करने का निवेदन किया है।
स्थानीय निवासियों आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण को लिखे अपने पत्र में अवगत कराया है कि वर्षात के दिनों में अजमेर रोड पर पानी की अधिक आवक से रास्ते जाम हो जाते हैं। इसलिए इस पानी को द्रव्यवती नदी तक लेजाने के लिए सही ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया जाये।
आवासीय कॉलोनी, विद्युत नगर पूरब एवं पश्चिम, भान नगर एवं भृगु नगर आदि में प्रिंस रोड़ (मुख्य मार्ग) जो कि अजमेर रोड़ को क्किंस रोड से जोडती है पर हो रहे अतिक्रमण व अवेध निर्माणों को रोकने नगर निगम को पत्र लिखे हैं ।

# कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं ने देखी ब्लॉक प्रिंटिंग की कार्यप्रणाली

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** कानोड़िया पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के वाणिज्य संकाय द्वारा ब्लॉक प्रिंट कम्पनी एवं आर. आर फैबिक, सांगानेर में कम्पनी की कार्य प्रणाली से अवगत करवाने एवं ब्लॉक प्रिंट की तकनीक को समझने हेतु औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल एवं उप-प्राचार्य (वाणिज्य) डॉ. सुनीता माथुर के मार्गदर्शन में यह गतिविधि आयोजित की गई। इस भ्रमण में कर्मचारियों द्वारा छात्राओं को ब्लॉक प्रिंट की बारीकियों व एक्सपोर्ट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। प्राध्यापिकाएँ डॉ. दमयंती सोढ़ा, डॉ. साक्षी शर्मा एवं डॉ. सुरभि माथुर के साथ वाणिज्य संकाय की 37 छात्राओं ने भाग लिया।


राजस्थान सरकार
कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय आमेर जयपुर

क्रमांक : आरएमआरएस / 2023-24/899 दिनांक:15/03/2024

// खुली निविदा सूचना//

इस चिकित्सालय में बिजली पानी मरम्मत व रख-रखाव कार्य हेतु पंजीकृत फर्मो/संवेदको से अलग-अलग निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| कार्य सेवा का विवरण | अनुमानित लागत | बोली प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र बेचने की अंतिम दिनांक | निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजली, पानी मरम्मत व रखरखाव कार्य हेतु दर संविदा। | 1.00 लाख | 500/- | 2000/- | 26.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। | 26.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक। | 26.03.2024 को दोपहर 2.00 बजे |

- निविदा प्रपत्रों को वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
- निविदा फार्म मय विस्तृत विवरण एवं शर्तो की प्रति कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क रू 500/- जमा कराकर प्राप्त किये जा सकेगें एवं राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।
- निविदा के साथ अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक 'सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी आमेर जयपुर' के नाम देय होगा।
- निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय बोली प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में बन्द कर दोनों लिफाफो पर नामांकन (निविदा प्रपत्र या वित्तीय निविदा प्रपत्र) कर एक बडे लिफाफे में बन्द कर प्रस्तुत की जायेगी।
- किसी भी निविदा । बोली को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का सर्वाधिकार सुरक्षित है। ऐसा करने के कारण लेखबद्ध किये जायेगें।

सदस्य सचिव
DIPR/C/3246/2024 एमआरएस राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय आमेर जयपुर



पश्चिम मध्य रेल
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना-कोटा
( भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या E-66245122)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, पश्चिम मध्य रेल-कोटा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई खरीद प्रणाली के जारिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते है। कोई भी व्यक्तिगत/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएगें। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **Tender No.**-E-66245122, **Short Description**-Liquid and Gas Eduction Valve For BTPGLN tank wagon as per Drg. No: CC/ED/95/01 or A-724 or V-A1-001. Make -Chandra Engg. Midland, Arieckal or similar. **Tendered Qty.**-86 Nos., **Opening date**-12/04/2024 (12.30 Hrs.), **Earnest Money**-78,750/-, Estimated Value (INR)-39,37,424/-

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक पमरे/कोटा
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

खबरों की दुनिया

एक नजर

## डॉ. डांगी फिर बने सीएमएचओ, कार्यभार संभाला



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** डॉ. राजकुमार डांगी ने शनिवार को सीएमएचओ के पद का कार्यभार फिर से ग्रहण कर लिया। राज्य सरकार ने 22 फरवरी को ट्रांसफर आदेश जारी कर झुंझुनूं सीएमएचओ पद पर डॉ. राजकुमार डांगी के स्थान पर डॉ. छोटेलाल गुर्जर को लगाया था। जिसके बाद शुक्रवार को न्यायालय ने सरकार के आदेश पर स्थगन आदेश जारी करते हुए डॉ. राजकुमार डांगी को ही आगामी आदेश तक सीएमएचओ पद पर बने रहने का आदेश दिया। जिसकी पालना में शनिवार को डॉ. राजकुमार डांगी ने सीएमएचओ का पदभार ग्रहण कर लिया।

इस अवसर पर डॉ. भंवर लाल सर्वा, डॉ. मनोज डूडी, डॉ. हरफूल सिंह बिजारनिया, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र जांगिड़ सहित चिकित्सा विभाग का स्टॉफ मौजूद रहा।

## डॉ. सर्वा डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ बने

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** डॉ. भंवर लाल सर्वा ने शनिवार को डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ का पदभार ग्रहण कर लिया। शुक्रवार देर रात सरकार की ओर से जारी आदेश में नीमकाथाना सीएमएचओ पद पर कार्यरत डॉ. भंवर लाल सर्वा को झुंझुनूं डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ पर स्थानांतरित कर दिया। डॉ. सर्वा पूर्व में डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण के पद पर जिले में कार्यरत थे। जिन्हें 22 फरवरी को सीएमएचओ नीमकाथाना के पद पर लगाया गया था। जिसके बाद शुक्रवार रात को पुनः स्थानांतरित कर डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ के पद पर लगाया है।

## सूरजगढ़ निशान के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु, अलग अलग जगह से खाटू रवाना हुए निशान



खबरों की दुनिया

**सुरजगढ़।** सूरजगढ़ कस्बे के प्राचीन श्याम दरबार मंदिर से मनोहर लाल सैनी के नेतृत्व में हजारों पदयात्रियों के साथ बाबा श्री श्याम का निशान रवाना हुआ। निशान रवानगी से पहले महा आरती हुई। महिलाएं सिर पर सिगड़ी लेकर बाबा श्याम के जयकारों के साथ चल रही है। सैनी ने बताया कि पदयात्रा का पहला पड़ाव सुलताना, दूसरा पड़ाव गुढ़ागौड़जी, तीसरा पड़ाव गुरारा में होगा। चौथे दिन निशान खाटू श्याम पहुंचेगा। 21 मार्च को सुबह सवा दस बजे खाटू श्याम के मंदिर में निशान बाबा को समर्पित करने के बाद शिखर पर निशान चढाया जाएगा। इससे पूर्व सूरजगढ़ के दूसरे श्याम मंदिर का निशान एक दिन पूर्व रवाना हुआ। चिड़ावा में इसका भव्य स्वागत हुआ। झुंझुनूं रोड बस स्टैंड और स्टेशन के पास भाजपा नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा व राजेश दहिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद शहर की पिलानी रोड पर अड़ूकिया स्कूल के सामने से महेंद्र भगत और खेतड़ी रोड से भगत छाजूराम की अगुवाई में निशान यात्रा रवाना हुई। निशान यात्रा मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद कबूतरखाना, पुरानी तहसील रोड, विवेकानंद चौक, तिरंगा स्थल, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर के परिक्रमा कर अरड़ावतिया कॉलोनी से चुंगी चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए खाटू की ओर रवाना हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर सिगड़ी रखकर चल रही थी। महिलाओं ने बताया कि मन्नत को लेकर सिगड़ी लेकर जाती हैं और मन्नत पूरी होने पर जलती हुई सिगड़ी चढ़ाने जाते हैं।

# राज्य की लोकसभा चुनाव में सभी सीटे जीतकर हैट्रिक बनाएंगे : अरूण चतुर्वेदी

खबरों की दुनिया



**उदयपुरवाटी।** पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी का पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी की नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घुमचक्कर के निकट स्थित पीडब्लयूडी कार्यालय के बाहर माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चतुर्वेदी ने इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि भाजपा पुनः 2014 व 19 के रिकार्ड को बरकरार रखते हुए राज्य की सभी लोकसभा सीटे जीतकर हैट्रिक बनाएगी। इसके लिये मैदान में प्रत्येक कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हुये है। चतुर्वेदी ने कहा कि जल्द ही शेष 10 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी कर देगी। इस दौरान नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र ढ़ेनवाल, भाजपा शहर संयोजक लक्ष्मण सैनी, महेश सैनी, झाबरमल सैनी, तेजस छींपा, राधेश्याम रचेता, संदीप सोनी, अशोक सैनी, बनवारीलाल मीणा, भोमाराम सैनी, शिम्भू सैनी, नितेश सैनी, विजय कुमार, झब्बरसिंह शेखावत, छाजूराम, रमाकांत, वीरेन्द्र सिंह, दौलत वाल्मिकी, संदीप रामुका, बंसीधर सैनी, योगेन्द्र मिश्रा नवलगढ़ आदि उपस्थित रहे। इसके बाद शाकम्भरी गेट पर चेयरमैन रामनिवास सैनी व नगरमंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी के नेतृत्व में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी का स्वागत किया गया।

### शाकम्भरी माता के नवाया शीश

**उदयपुरवाटी।** पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी माता शाकम्भरी के दरबार में शीश नवाने के लिये शाम को पहुंचे।

चतुर्वेदी ने मां शाकम्भरी के दरबार में पूजा अर्चना कर पौराणिक शिव मंदिर में दर्शन के बाद जयपुर के लिये रवाना हो गये।

चतुर्वेदी के साथ पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, चेयरमैन रामनिवास सैनी, मंडल संयोजक लक्ष्मणराम सैनी, मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र ढ़ेनवाल, नितेश सैनी, अशोक बाबा, बीरबल सैनी, कैलाश सैनी, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

## सैनिक स्कूल में चयनित अभ्यर्थियों का किया सम्मान




खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** इण्डाली रोड़ खतेहपुरा स्थित सीसीए ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन द्वारा सेंट्रल चिल्ड्रन एकेडमी के सैनिक क्लासेज के छात्रों का सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ। संस्था के चैयरमेन रवि जाखड़ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मान किया।

जाखड़ ने बताया कि संस्था में प्रथम वर्ष में सभी बच्चों ने राष्ट्रीय एजेन्सी एनटीए द्वारा करवाई जाने वाली प्रवेश परीक्षा को क्वालिफाई किया। संस्था का प्रथम वर्ष में ही 100 प्रतिशत परिणाम गरिमामई हैं।

इसके लिए संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर सुरेन्द्र सिंह, प्राचार्य निर्मला लाम्बा ने बच्चों एवं अभिभावको व सैनिक क्लासेज प्रभारी मनोज जांगिड़, नितेश ढाका को बधाई दी।

## सीमा पर सैनिक और समाज में चिकित्सक की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण : डॉ. ढुल

खबरों की दुनिया




**झुंझुनूं।** श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के प्रेजीडेंट डॉ. देवेन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि देश की सीमा पर सैनिक जिस मजबूती और दृढ़ता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं, उसी प्रकार समाज में चिकित्सक की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज चिकित्सा क्षेत्र की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि वो अपने अभिभावक द्वारा दिए गए संस्कारों पर आगे बढ़ते हुए समाज में जरूरतमंद, गरीब को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देना सुनिश्चित करेंगे। यूनिवर्सिटी कैम्पस में बैचलर ऑफ नेचरोपैथी एंड योगिक साइंस द्वारा आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला के समापन पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन बंसल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए आह्वान किया कि वो प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और अपने अभिभावक, यूनिवर्सिटी व गुरुजनों का मान पूरी दुनिया में बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आज का युवा संस्कार व भारतीय संस्कृति को भूल रहा है। लेकिन प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में आने वाले युवा से उम्मीद की जाती है कि वो अच्छे प्रोफेशन के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार ने कार्यशाला में 10 दिन तक प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में नए-नए अनुभव प्राप्त करने वाले युवाओं का मार्गदर्शन किया। खेल निदेशक डॉ. अरुण कुमार ने युवाओं से दिनचर्या में अनुशासन लाने की बात कही। इस अवसर पर कार्यशाला संयोजक एवं बीएनवाईएस प्रभारी डॉ. उज्वल चौधरी, डॉ. संजीव, डॉ. जया रानी पटेल, डॉ. प्रियंका जांगिड़, नवीन कुमार शर्मा, उमेश कुमार, भावना उपस्थित रहे।

## एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के 91 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीते गोल्ड व सिल्वर

खबरों की दुनिया



**चिड़ावा।** सिल्वर जोन आलंपियाड 2023-24 की ओर से जारी परिणाम में एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के 91 विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय पर आधारित नेशनल आलंपियाड में गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्तकर शेखावाटी के इतिहास में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने की अपनी परम्परा को कायम रखा। इस परीक्षा परिणाम में धीरेन पुत्र यादराम, हितेश पुत्र सज्जन सिंह, कंचन कुमारी पुत्री सुरेन्द्र सिंह, प्रियांशु पुत्र बंशीधर, दीपेश पुत्र राजेश कुमार, यश पुत्र ओमप्रकाश, सुमित पुत्र हरीसिंह, चन्द्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार, निशांत पुत्र सुरेन्द्र सिंह, अंजली पुत्री सुमेर सिंह, रीषिका पुत्री राजेन्द्र कुमार, पुनित पुत्र मोहर सिंह सहित 91 विद्यार्थियों ने गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त कर एम.डी.सी.एल. चिड़ावा की फाउण्डेशन क्लासेज की गुणवता को प्रमाणित किया है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सिल्वर जोन आलंपियाड में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुनिल कुमार डांगी व श्रीमति समित डांगी ने की। इन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन की महत्ता को स्पष्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट की। एम. डी. सी. एल. फाउण्डेशन क्लासेज का उद्देश्य आई.आई.टी. व नीट के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को नवीन शिक्षा पद्धति व नवाचारों का प्रयोग करते हुए डाक्टर व इंजीनियर बनाना है। हाल ही में जारी जे.ई.ई. मैन्स जनवरी 2024 परीक्षा परिणाम में एम.डी. सी. एल. ने 80 बच्चों में से 46 बच्चों का चयन देकर प्रदेश भर में अपनी गुणवत्ता को सिद्ध किया है। एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्री फाउंडेशन व फाउंडेशन के न्यू बैच 1 व 4 अप्रेल 2024 से आरम्भ किया जाएगा। इस अवसर पर एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉक्टरेट की मानद उपाधि पर संदीप बेरीवाला का अभिनंदन



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** मुकुंदगढ़ निवासी सूरत प्रवासी संदीप बेरीवाला पुत्र स्व. नन्द किशोर बेरीवाला को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए केलिफोर्निया यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा मानद उपाधि मिलने पर बेरीवाला परिवार ने खुशी मनाई। संदीप बेरीवाला श्री श्याम मंदिर सूरत धाम एवं सालासर हनुमान प्रचार मंडल में उपाध्यक्ष, अग्रवाल समाज सूरत एंव श्री श्याम प्रचार मंडल सूरत सहित विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थानों में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हुए हैं। बेरीवाला का आशीर्वाद पैलेस में तुलस्यान परिवार द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर केशरदेव तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रीमती स्नेहलता तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, श्रीमती नेहा तुलस्यान, प्रिषा तुलस्यान, योगेश तुलस्यान, सुरत से आए दिलीप अग्रवाल, नवीन सेकसरिया, राजेश बेडीया, पंकज बेरीवाला एवं महेश काबरा आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान सरकर ने गारंटी की गारंटी यानी मोदी की गारंटी को पूरा किया : जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी

खबरों की दुनिया




**झुंझुनूं।** भाजपा जिला कार्यलय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि राजस्थान सरकार ने गारंटी की गारंटी यानी पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा किया है। राजस्थान की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देने का कार्य तत्काल किया है। राजस्थान सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए लाखों युवाओं के दर्द को समझा और पेपर लीक जैसे अपराध पर कडाई से कदम बढ़ाए। पेपर लीक के सभी अपराअधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही इस विषय पर एसओजी का गठन किया। जिसमें अब तक 60 लोग गिरफ्तार हो चूके हैं। कांग्रेस के शासनकाल में 19 परीक्षाओं का पेपर लीक होने का दर्द झेल चूके लाखों युवाओं को राहत देने के लिए पीछले ढाई महीने में राजस्थान में 11 भर्ती परीक्षाएं हुई। जिसमें 4 आरपीएससी के तहत तथा 7 परीक्षाएं कर्मचारी चयन बोर्ड के अंतर्गत। जिसमें पूरी परदर्शिता बरती गई। कांग्रेस के शासनकाल में लटकाए गए प्रोजेक्ट ईआरसीपी का काम, हथिनी बैराज या शेखावाटी अंचल में पानी लाने का काम इन पर भाजपा सरकर ने तीव्र गति से कार्य किया। यमुना जल समझौता शेखावाटी के लिए एक बड़ी सौगात है। इसे कहते हैं मोदी की गारंटी की गारंटी। सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने पैट्रोल डीजल की कीमतों को कम करके आम जन को राहत देने का कार्य किया है। राजस्थान सरकर ने सरकर गठन होने के साथ ही संकल्प पत्र के एक-एक संकल्प को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। विधानसभा चुनावों से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में पैट्रोल डीजल की कीमतों की समीक्षा करने का वादा किया था और आज उस वादे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकर ने पैट्रोल और डीजल की कीमतों में जनता को बड़ी राहत दी है। अब राजस्थान के प्रत्येक कोनें में पैट्रोल और डीजल की एक ही कीमत होगी। इससे तेल की कलाबाजारी पर रोक लगेगी।

भाजपा नेता बबलु चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में चौतरफा विकास हुआ है। इस दौरान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में नारी साशक्तिकरण पर बहुत कार्य हुए हैं। जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकर ने चीनी व गुड से सेवा शुल्क हटाकर व्यापरियों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इस मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा, कुलदीप सिंह कलीपहाड़ी, इंद्राज सैनी, राकेश सहल, ललित जोशी, विकास पुरोहित, बुधराम सैनी, महेश जीनकर, सुमेर कड़वासरा, विजय सैनी, रामनिवास सैनी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, श्रावण सैनी आदि उपस्थित रहे।

## इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने दी नेशनल करप्शन की गारंटी : प्रधान दिनेश सुण्डा



खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** काग्रेस जिला अध्यक्ष व प्रधान ने कहा इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम की सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच हो और जांच के दौरान भाजपा के बैंक खाते फ्रीज किए जाएं।

सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद एसबीआई बैंक ने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से मिले चुनावी चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को सौंपा जिसको चुनाव आयोग ने सार्वजनिक किया है। इलेक्टोरल बांड को नेशनल करप्शन स्कैम बताते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सुण्डा ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने देश को करप्शन की गारंटी दी है। सुण्डा ने बताया कि इस पूरी सूचना में एसबीआई बैंक ने ऐसे किसी यूनिक कोड का जिक्र नहीं किया जिससे यह पता चले कि किसने किसको चंदा दिया है। एसबीआई ने इलेक्टोरल बांड के डाटा भी गलत जारी किए हैं क्योंकि दानदाताओं और चंदा लेने वालों के आंकड़ों में ही अंतर है। एसबीआई ने डेटा में दानदाताओं की 18871 एंट्री बताई है और लेने वालों की एंट्री है। साथ ही सवाल उठाया कि योजना जब 2017 में शुरू हुई थी तो एसबीआई ने इसके डेटा अप्रैल 2019 से ही क्यों दिए हैं?

इन सभी बेमेल तथ्यों से पता लगता है कि भारतीय जनता पार्टी इलेक्टोरल बांड के नाम पर देश की बड़ी कंपनियों से मोटा चंदा ऐंठ रही है और बदले में उन कंपनियों को हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट भी दे रही है जिसके माध्यम से देश में यह बहुत बड़ा घोटाला किया गया है। साथ ही चुनावी पारदर्शिता वाली व्यवस्था का भाजपा सरकार द्वारा दुरुपयोग भी किया जा रहा है।

देश की जनता की यह मांग है कि इस नेशनल करप्शन की जांच सुप्रीम कोर्ट देखरेख में की जाए और जब तक जांच पूरी न हो जाए तब तक भारतीय जनता पार्टी के बैंक खाते फ्रीज किए जाए।

गौरतलब है कि 2019 से भाजपा को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से लगभग 6000 करोड़ से ज्यादा का दान मिला है।

### आरजीएचएस योजनाओं के तहत नवलगढ़ में सभी प्रकार के इलाज निःशुल्क होगे

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** कस्बे के छोटा बस स्टैंड पर स्थित हरी हॉस्पिटल नवलगढ़ में राज्य कर्मचारियों में पर्सनल के लिए राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजनाओं को अंतर्गत हड्डी रोग विशेषज्ञ फिजिशियन स्त्री रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ जनरल सर्जन से संबंधित ओपीडी वी आईपीडी की सभी प्रकार की सुविधा निशुल्क रहेगी नवलगढ़ क्षेत्र का प्रथम मल्टोस्पेशिनीरि हॉस्पिटल होगा जिसमें आरजीएस के तहत कर्मचारियों में पेसनर्स को सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा एक बार छोटा बस स्टैंड पर हरी हॉस्पिटल में आकर इन योजनाओं का लाभ उठाए।

## भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव का किया स्वागत




अलवर। आई एम ए अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल एवं सचिव डॉ विजय सिंह चौधरी द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर अलवर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव का भव्य स्वागत किया।

